MR. DEPUTY SPUEAKER: He has noted down your suggestions. You have made good suggestions.

---

**14.08 hrs.**

PETITION *RE.* PREVENTION OF CRUELTY TO ANIMALS

SHRI MOOL CHAND DAGA (Pali): I beg to present a petition signed by Shri Ajeet Rai Surana and others regarding prevention of cruelty to animals under the provisions of the Pervention of Cruelty to Animals Act, 1960 and ban on export of farm pelts.

---

MATTER UNDER RULE 377

(i) NEED FOR A T.V. CENTRE AT ALLAHABAD.

श्री कृष्ण प्रकाश तिवारी (इलाहाबाद): मान्यवर, उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद का समूचे देश की राजनीति में एक महत्वपूर्ण स्थान रहा है और आज भी है। सामाजिक सांस्कृतिक तथा शिक्षा के क्षेत्र में भी इलाहाबाद का एक विशेष महत्व रहा है। इलाहाबाद में पवित्र संगम है यहां हर वर्ष कुम्भ मेला तथा हर छठे वर्ष अर्ध कुम्भ मेला और बारहवे साल पूर्ण कुम्भ मेला लगता है, जिसमें देश भर के लाखों लोग भाग लेते हैं।

इलाहाबाद का यह दुर्भाग्य है कि आज तक इलाहाबाद दुरदर्शन के मैप पर नहीं है जब कि इलाहाबाद में बहुत कम महत्वपूर्ण स्थानों पर टेलीविजन की व्यवस्था है।

इलाहाबाद स्वतंत्रता की लड़ाई का केन्द्र बिन्दु रहा है। इलाहाबाद में डाक तार माइक्रो वेव लिंक उपलब्ध है और उससे थोड़ी धनराशि की व्यवस्था कर के दुरदर्शन का प्रारम्भ वहां किया जा सकता है। मैंने दिसम्बर सन् 1981 में माननीया प्रधान मंत्री जी तथा संचार मंत्री जी से निवेदन किया था। परन्तु उस पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

जनहित में मेरा निवेदन है कि अविलम्ब इलाहाबाद में दूरदर्शन की व्यवस्था कराने के लिए शासन उचित कार्यवाही करे तथा निर्देश दे।

(ii) NEED TO CONTROL APPLE SCALE DISEASE AND TO PROVIDE FINANCIAL ASSISTANCE TO APPLE GROWERS IN HIMACHAL PRADESH.

श्री कृष्णदत्त सुलतानपुरी (शिमला): उपाध्यक्ष महोदय, हिमाचल प्रदेश में अधिक बर्फ तथा पहाड़ों के खिसकने से प्रतिवर्ष फलदार पोधों को काफी हानि होती है।

**14.10 hrs.**

[*Shri N. K. Shejwalkar in the Chair*

यही नहीं मेरे संसदीय चुनाव क्षेत्र में शिमला, सिरमौर, सालन, आदि में सेव, आड़ू, खुमानी, पलम और टमाटर की खेती होती है, जो वहां के किसानों की कैश-क्राप है। इन सब में बिमारियां हर वर्ष लगती हैं, समय पर दवाई न मिलने की वजह से किसानों को भारी नुक्सान उठाना पड़ता है और जो गरीब लोग हैं, वह अपने पौधों को और नकद फसल को बचाने के लिए कोई उपाय नहीं कर पाते, जिससे कि उन्हें लाखों रूपये का नुकसान होता है। इस सबंध में भारत सरकार से मैं यह मांग करूंगा कि हिमाचल के पहाड़ी क्षेत्रों में सेव में जो हर वर्ष स्केप की बीमारी, जो काश्मीर से लेकर सारे हिमाचल प्रदेश में फैल गयी है, इसको खत्म करने हेतु भारत सरकार शीघ्र से शीघ्र कदम उठाये ताकि जो बगीचें लाखों एकड़ में किसानों के लगे हैं, वे नष्ट न हो जायें।

इस सम्बन्ध में भारत सरकार अधिक से अधिक मात्रा में दवाइयों का अनुदान देकर किसानों की आर्थिक सहायता करे जिससे कि उनके बीजों को बीमारी से बचाया जा सके। राज्य सरकार को

भी इस सम्बंध में निर्देश जारी करे जिससे किसानों को इन बीमारियों से जो हानि होती है, उनका समय पर ही इलाज किया जा सके । यदि भारत सरकार इस सम्बंध में बागवानों की रक्षा के लिए मदद न दे सकी तो किसानों की आर्थिक स्थति काफी बेकार हो जायेगी तथा उनके बालबच्चों का पालन-पोषण होना काफी मुश्किल हो जायेगा ।

अत: मैं कृषि मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि इस संबंध में जल्द से जल्द किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाये तथा बगीचों में लगे फलों को जो बीमारी लग जाती है, उसको भी दूर करने के उपाय किए जायें जिससे कि किसानों की आर्थिक स्थिति सुधर सके ।

(ii) Incidents in Jawahar Lal University

श्री राम विलास पासवान (हाजीपुर) : सभापति महोदय, सर्वप्रथम मैं आपसे आग्रह करूंगा और आपके माध्यम से चाहूंगा कि आप स्पीकर साहब तक मेरी भावनाओं को पहुंचा दें । आपके इस लोक-सभा सैक्रेटेरिएट में मेम्बर्स के लिए ट्रांसलेशन की कोई सुविधा नहीं है। यदि कोई मेम्बर अंग्रेजी से हिन्दी में या हिन्दी से अंग्रेजी में किसी चीज का अनुवाद करवाना चाहता है तो उसके लिए कोई सुविधा नहीं है। मेरे जैसे लोगों को इस बारे में बहुत दिक्कत होती है । मैंने लिखकर भी दिया है और आपके नोटिस में लाना चाहता हूं कि आप इस पर गंभीरता से ध्यान दें ।

MR. CHAIRMAN: It has come on record.

श्री राम विलास पासवान : इनका ट्रांसलेशन सैक्शन अनेक्सी में हैं जो सिर्फ आफिस परपजेज के लिए हैं, मेम्बर्स के लिए नहीं है। मैं समझता हूं कि इसको आप गंभीरता से लेंगे ।

नियम 377 के अधीन जिस विषय की ओर मैं सदन का ध्यान दिलाना चाहता हूं उस बारे में मेरी स्पीकर साहब से बातचीत हुई थी। यह गंभीर मामला है, जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी के बारे में है। स्पीकर साहब ने कहा था कि यहां मंत्री महोदय मोजूद रहेंगे और मंत्री जी का जवाब भी होगा, लेकिन पता नहीं क्यों और क्या क्या हुआ है ? इसीलिए कल इसको रोककर भी रखा गया था, लेकिन आज भी मैं किसी मंत्री को यहां नहीं देख रहा हूं । आप इसका भी मंत्री महोदय से जवाब दिलवाने की कोशिश करें।

सभापति महोदय : आपने जो फरमाया आपका रिकार्ड हो गया है, अब आप आगे बढ़िये ।

श्री राम विलास पासवान : स्पीकर साहब का एश्योरेंस है, इसलिए मैंने ध्यान दिलाया । सभापति महोदय, जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के कम्प्यूटर साइंस के प्राध्यापक द्वारा अनुसूचित जाति के छात्रों के साथ कथित अभद्र व्यवहार करने के प्रश्न को लेकर विश्वविद्यालय के सभी छात्र विगत 3 फरवरी, 1983 से ही आन्दोलन पर हैं। छात्रों की मांगें हैं कि उक्त प्राध्यापक को निलंबित किया जाये । छात्रों ने उक्त प्राध्यापक के खिलाफ कोई गंभीर आरोप लगाये हैं ।

जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय की स्थापना बड़े आदर्शों को लेकर की गई थी । विश्वविद्यालय के संस्थापकों ने यह माना था कि यह विश्वविद्यालय जाति, धर्म आदि संकीर्णभे भावनाओं से ऊपर रहेगा, लेकिन खेद है कि यह विश्वविद्यालय भी सभी तरह के रोग से